सार-समाचार

## व्यापारियों के शोषण के विरोध में महासभा 13 को

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर जिला व्यापार महासंघ के जिलाध्यक्ष संजीव गुप्ता की अध्यक्षता में एक मीटिंग बुलाई गई जिसमें भरतपुर शहर में चारों तरफ विकास के नाम पर जो विनाश लीला की जा रही है उस पर चर्चा की गई मीटिंग में उपस्थित सभी के द्वारा निर्णय लिया गया कि व्यापारी व आमजन के साथ हो रहे शोषण के विरोध में सभी लोग लामबंद हो ,इसी के तहत 13 मार्च 2026 को कृष्णा पैलेस (शिवा टॉकीज) सहयोग नगर भरतपुर एक विशाल मीटिंग करने का निर्णय लिया गया जिला महामंत्री विपुल शर्मा ने बताया की भरतपुर शहर में अतिक्रमण एवं यूडी टैक्स के नाम पर स्थानीय आम जनता एवं व्यापारियों के साथ हो रहे शोषण के विरुद्ध में आंदोलन की रूपरेखा तय करने के लिए भरतपुर जिला व्यापार महासंघ द्वारा एक आम सभा की बैठक आगामी 13 मार्च 2026 शुक्रवार को दोपहर 2रू00 बजे कृष्णा पैलेस (शिवा टॉकीज) सहयोग नगर भरतपुर में आयोजित की जाएगी जिसकी अध्यक्षता व्यापार महासंघ के जिलाध्यक्ष संजीव गुप्ता द्वारा की जाएगी बैठक में अतिक्रमण एवं सड़क चौड़ीकरण के नाम पर की जा रही तोड़फोड़ एवं अनैतिक रूप से वसूले किया जा रहे यू डी टैक्स इत्यादि जैसी समस्याओं को लेकर बृहद बैठक की जाएगी जिसमें सभी के साथ विचार विमर्श करके आगे आंदोलन की रूपरेखा तय की जायेगी , अतः महासंघ सभी व्यापारियों,आमजन से अपील करता है, जो भी व्यापारी उपरोक्त समस्याओं से पीड़ित हैं या पीड़ित होने वाले है वह इस मीटिंग में अवश्य पधारें,! मीटिंग में दलबीर सिंह पूर्व सरपंच, इंद्रजीत भारद्वाज पूर्व नेता प्रतिपक्ष, मनोज कुमार,दिनेश,चेतन, हेमन्त, श्रीराम चंदेला, इत्यादि व्यापारी मौजूद थे!

## सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस मनाया

**करौली** । प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस के तहत जिले की विभिन्न चिकित्सा संस्थाओं में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर गर्भवती महिलाओं की जांच की गई और उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीणा ने सीएचसी कुडगांव और पीएचसी चैनपुर बर्रिया का निरीक्षण कर अभियान के तहत दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर, लंबाई, एचआईवी तथा सिफलिस सहित विभिन्न प्रकार की जांच की गई। इसके साथ ही उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनके उपचार की व्यवस्था की गई तथा उन्हें पौष्टिक आहार लेने और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतने की सलाह दी गई। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी आशुतोष पांडे तथा जिला कार्यक्रम समन्वयक आईईसी लखन सिंह लोधा भी मौजूद रहे।

## राजे के जन्मदिन पर हनुमान चालीसा पाठ

**करौली।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन कर उनके दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। यह कार्यक्रम करौली इन मैरिज गार्डन स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित किया गया, जिसमें भाजपा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला महामंत्री केके मित्तल, सोशल मीडिया जिला संयोजक मुकेश सोनी, केशव भारद्वाज, गजेंद्र भारद्वाज, मानप्रकाश शुक्ला, मोतीलाल शाक्यवार, सुरेश मिस्त्री, अनुप शर्मा, अशोक सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अजीत सिंह, दर्शन सिंह नरुका, प्रकाश कोडर, विष्णु गुप्ता, बासुदेव गुप्ता, विजय ठेकेदार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## होली मिलन समारोह मनाया

**भरतपुर** (निस)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और होली के अवसर पर सेवर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम चार संस्थाओं महारानी किशोरी जाट महिला एकता मंच भरतपुर ,रोशनी संस्था, उज्जती सामाजिक समिति ,वूमेन एंपावरमेंट ठ्ाुप के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम संयोजक रचना अहलावत ,पारुल अठावाल , ज्योति जायसवाल , सुमन सिंह ने बताया कार्यक्रम में करीब 150 महिलाओं ने भाग लिया यह कार्यक्रम महिला दिवस के उपलक्ष्य में था. कार्यक्रम का संचालन पारुल अठावाल ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिवानी दायमा मीनू अरविंद, दीपा राठौर, स्वाति गोयल, सुनीता कुलश्रेष्ठ आदि उपस्थित रहे । सरप्राइज गेम में फूलों की होली खेली गई संगीत मनोरंजन के साथ-साथ उन्हे होली का उत्सव मनाने का अवसर मिला और इसमें कई आकर्षक गतिविधियां भी रखी गई कई सारे सरप्राइज गिफ्ट दिए गए इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को एक साथ मंच देकर उन्हें उत्सव के माहौल में आनंद लेने का अवसर प्रदान करना था.।

## आईवीएफ परामर्श शिविर सम्पन्न

**भरतपुर** (निस)। डॉ. कुसुम शर्मा हॉस्पीटल कैम्पस गोपालगढ भरतपुर में निसंतान्ता एवं आईवीएफ परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। डायरेक्टर डॉ. कुसुम शर्मा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ ने बताया कि इस शिविर में आसपास के ठ्ाामीण एवं शहरी 30 मरीजों ने परामर्श लिया, इसमें 8 दम्पत्ति ऐसे भी थे जो पूर्व में इलाज से लाभान्वित हो चुके थे। शिविर में जिन भी दम्पत्ति को बच्चा होने में किसी भी प्रकार की दिक्कत आ रही है, जिन महिलाओं को बच्चेदानी की रसोली, फैलोपियन ट्यूब ब्लॉक, बच्चेदानी में टीबी, बार बार गर्भधारण होने के पश्चात भी गर्भपात होना, अधिक उम्र होने पर महीना न आना या फिर संतान न होना, एक बार संतान होने पर दोबारा गर्भ धारण न होना, दो या तीन बार आईयूआई कराने पर भी असफलता मिलना, अनियमित माहवारी या अण्डों का नहीं बनना एवं समय पर नहीं फूटना और पुरूषों में शुक्राणु में कमी होना आदि किसी भी समस्या के कारण माता पिता बनने के सुख से वंचित रह गये हैं उन्हें संतान उत्पत्ति के लिए सही मार्गदर्शन दिया गया। इस शिविर में जयपुर के प्रसिद्ध डॉक्टर निशांत दीक्षित द्वारा निसंतान्ता एवं आईवीएफ के मरीजों के लिए परामर्श दिया गया। इस मौके पर पर अजय शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, संजय तिवारी, सुरेश शर्मा, दीपक कुमार, करतार, बोबी, रवि, दिव्या, पुष्पलता, सीमा राजपूत, राखी आदि मौजूद रहे।

## 26 छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें बांटी

**सूरौठ** । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरौठ में राज्य सरकार की निःशुल्क साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा 9 में अध्ययनरत 26 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना है। विद्यालय के प्रधानाचार्य एमडी भावना व साईकिल वितरण प्रभारी रविकांत उपाध्याय ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित इस योजना के तहत दूर-दराज से आने वाली छात्राओं को निःशुल्क साइकिल उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उनकी शिक्षा में किसी प्रकार की बाधा न आए और वे नियमित रूप से विद्यालय आ सकें। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के सदस्य व्याख्याता वीरेंद्र कुमार पाराशर,अवलेखा बाई मीना , निवेजन जाटव, राजवीर जाटव, रेखा गुप्ता, रचना सिंघल, सुमनलता मीना, सुनील कुमार, शारीरिक शिक्षक भूपाल सिंह मीना, हुकम चंद्र जाटव, बलवीर सिंह वर्मा, संजीव कुमार, सुनीता गुप्ता , गुरमैल कौर, रजनी कुमारी, मनमोहन सिंह, हेमलता, राजदुलारी शर्मा मैडम सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने छात्राओं को साइकिल मिलने पर शुभकामनाएं दीं और उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## योजना की क्रियान्विति पर चर्चा

**भरतपुर** (निस)। विद्या भारती संस्थान जयपुर द्वारा उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर केशव नगर भरतपुर में दो दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सत्र 2025-26 की योजना की क्रियान्विति व सत्र 2026-27 की योजना पर विचार विमर्श हुआ। बैठक में पूरे प्रान्त से चौदह प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रान्तीय संगीत प्रमुख गोपाल पारीक, मल्ल सिंह व्यवस्थापक, अमित कुमार अठावाल कोषाध्यक्ष, संतोष कुमार कटारा जिला सचिव आदर्श विद्या मन्दिर समिति भरतपुर चौतन्य प्रकाश अठावाल प्रान्त सह संगीत प्रमुख विद्यालय के प्रधानाचार्य लोकेश चन्द्र जैन उपस्थित रहे। श्री मल्ल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## महावीर जयंती पर लगेगा रक्तदान शिविर

**गंगापुर सिटी** । प्रथम जैन तीर्थंकर आदिनाथ भगवान की जन्म जयंती से वर्तमान शासन नायक महावीर भगवान की जन्म जयंती तक दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के तत्वाधान में धर्म यात्रा कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। ग्रुप के नव मनोनीत अध्यक्ष नरेंद्र जैन नृपत्या सचिव महेश जैन ने बताया कि धर्म यात्रा कार्यक्रम के तहत विद्यालयों में भगवान आदिनाथ एवं जैन धर्म से संबंधित प्रश्नोत्तरी के कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# संवेदक सफाईकर्मियों की हड़ताल से करौली शहर में गंदगी

■ संवेदक कर्मचारियों को लंबे समय से मानदेय नहीं मिलने के कारण वे हड़ताल पर चले गए हैं। यह स्थिति पहली बार नहीं है, बल्कि मानदेय नहीं मिलने के कारण समय-समय पर संवेदक कर्मचारी हड़ताल पर चले जाते हैं ।

**करौली** । नगर परिषद के संवेदक सफाईकर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। जगह-जगह कचरे के ढेर लगने से शहर का वातावरण दूषित हो रहा है, लेकिन नगर परिषद प्रशासन की ओर से अभी तक ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से आमजन में नाराजगी है। बताया जा रहा है कि संवेदक कर्मचारियों को लंबे समय से मानदेय नहीं मिलने के कारण वे हड़ताल पर चले गए हैं। यह स्थिति पहली बार नहीं है, बल्कि मानदेय नहीं मिलने के कारण समय-समय पर संवेदक कर्मचारी हड़ताल पर चले जाते हैं । शहर में इन दिनों कैलादेवी मेले की तैयारियां चल रही हैं और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, लेकिन इसके बावजूद शहर में सफाई व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब बनी हुई है। कोतवाली के पास कचरे के ढेर जमा होने से वहां आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे श्री मदनमोहनजी के दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । इसी प्रकार हिंडौन दरवाजा मार्ग पर गंदी नालियों का पानी दिनभर सड़क पर बहता रहता है,जिससे राहगीरों को काफी कठिनाई होती है। स्थानीय लोगों ने कई बार नगर परिषद और जिला प्रशासन से शिकायत भी की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया। सूत्रों के अनुसार सफाईकर्मियों की हड़ताल के कारण नगर परिषद प्रशासन और कुछ पार्षद प्रतिनिधि अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों से सफाई करवाने का दबाव बना रहे हैं, जिससे अग्निशमन कर्मियों में असंतोष की स्थिति बनी हुई है।

## 14 मार्च को जिले के सभी न्यायालयों में लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**करौली।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार 14 मार्च 2026 को करौली जिले के सभी न्यायिक न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश माधवी दिनकर के निर्देशन में आयोजित होने वाली इस लोक अदालत में न्यायिक न्यायालयों के साथ-साथ सभी राजस्व न्यायालय, जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग तथा श्रम विभाग में लंबित और प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण किया जाएगा। लोक अदालत में पक्षकारों के बीच आपसी सहमति, समझौते और राजीनामे के आधार पर विवादों का त्वरित समाधान किया जाता है। इसके अलावा जिन मामलों का निस्तारण लोक अदालत में होता है, उनमें पहले से जमा न्याय शुल्क की वापसी का भी प्रावधान है तथा इन मामलों में अपील का प्रावधान नहीं होता, जिससे प्रकरण का अंतिम रूप से निस्तारण हो जाता है। प्राधिकरण की ओर से आमजन से अपील की गई है कि वे अपने लंबित मामलों को लोक अदालत में रखकर आपसी समझौते के माध्यम से उनका निस्तारण करवाकर समय और धन दोनों की बचत करें।

## महिला दिवस पर फाग उत्सव मनाया

**भरतपुर** । श्री ब्राह्मण धर्मशाला खिरनी घाट स्थित में महिला दिवस और फाग उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम डॉक्टर लोकेश शर्मा के सानिध्य में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्राह्मण धर्मशाला की संरक्षक स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कुसुम शर्मा और पार्षद रेणु गोरावर गोरावर की सानिध्य में संपन्न हुआ कि सानिध्य में संपन्न हुआ कार्यक्रम में राधा कृष्ण की झांकी और युगल नृत्य किया गया सभी महिलाओं द्वारा होली के गीत और नृत्य प्रस्तुत किया गया डोली शर्मा और ज्योति शर्मा द्वारा होली रे रसिया और मेरा खो गया बाजूबंद जैसी गीतों पर धूम मचाई अध्यक्ष नीलम शर्मा महामंत्री अनुराधा शर्मा द्वारा हम तो राधे राधे गाएंगे बरसाने में होली मनाएंगे इसकी प्रस्तुति दी गई प्रांजल गोधनिया संयुक्त राष्ट्र सिमुलेशन कार्यक्रम में भारत का प्रतिनिधित्व कियाश्री का सम्मान किया गया प्रांजल गोधनिया ने दुबई में आयोजित संयुक्त राष्ट्र सिमुलेशन कार्यक्रम में भारत का प्रतिनिधित्व किया ब्राह्मण धर्मशाला महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष नीलम शर्मा ने उत्सव के महत्वता को बताते हुए कहा कि समाज में ऐसे उत्सवों का आयोजन होने चाहिए जिससे त्योहारों का महत्व बना रहे अनुराधा शर्मा महिला प्रकोष्ठ महामंत्री ने कहा कि बच्चों को राधा कृष्ण का महत्व बताते हुए होली जैसे त्योहारों का महत्व बताना चाहिए ।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**हिंडौन सिटी।** पश्चिम बंगाल में देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के साथ कथित दुर्व्यवहार की घटना के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नाम उपजिला कलेक्टर हिंडौन को ज्ञापन सौंपा। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष बबली चतुर्वेदी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने यह ज्ञापन सौंपते हुए घटना की कड़ी निंदा की और उचित कार्रवाई की मांग की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष बबली चतुर्वेदी ने कहा कि राष्ट्रपति के प्रति पश्चिम बंगाल में हुआ व्यवहार अत्यंत निंदनीय है। यह केवल राष्ट्रपति पद ही नहीं, बल्कि पूरे आदिवासी समाज और संविधान की अस्मिता व सम्मान पर भी प्रहार है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। इस अवसर पर जिला महामंत्री दिलीप गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सतेंद्र चौधरी आदि। जिला प्रवक्ता सतपाल चौधरी व हेमलता गुप्ता, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष लज्जारानी, खेड़ा मंडल अध्यक्ष गीतदेवी, सूरौठ मंडल अध्यक्ष पिंटू सोलंकी, महू मंडल अध्यक्ष सतवीर तिघरिया सहित चरण सोलंकी, विक्रम तोमर, केशु सम्पत कोली, चंदू कोली, लाडम सोलंकी, सोटू गोयल, गौरव चतुर्वेदी, हाकिम गुर्जर, मोहन सिनेमा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बसपा की गांवों में नुक्कड़ सभाएं

**भरतपुर** (निस)। बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में आगामी 15 मार्च बसपा संस्थापक मान्यवर कांशीराम की 92 वीं जयंती सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आज कई गांवों में नुक्कड़ सभाएं आयोजित हुई। जिसमें प्रदेश प्रभारी भगवान सिंह बाबा, जॉन इंचार्ज मोती सिंह पार्षद सभाओं में अतिथि के रूप में शामिल हुए। बाबा ने बताया कि भरतपुर, जो अपनी ऐतिहासिक वीरता के लिए जाना जाता है, अब बसपा के नए नेतृत्व का गवाह बनने जा रहा है।


पश्चिम मध्य रेल

खुली निविदा सूचना

सं. ईएल/50/एनआईटी/81 (2025-26)

दिनांक 06.03.2026

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि. मंडल विधुत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है । **निविदा संख्या :** ईएल/50/303/2025-26, **कार्य का नाम** : कोटा, रामगंजमंडी, भरतपुर और हिंडौन सिटी रेलवे स्टेशन के एस्केलेटर और लिफ्टों की निगरानी की व्यवस्था का प्रावधान।, **अनुमानित लागत (रु.में)** : 39,65,944.00, **बयाना राशि (रु.में)** : 79,300/-, **कार्य समाप्ति अवधि** : 24 माह, **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समय** : 30.03.2026 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे **निविदा संख्या** : ईएल/50/304 आर/2025-26, **कार्य का नाम** : KOTA-MTJ और KOTA-RTA सेक्शन ABSS के अंतर्गत 8 स्टेशनों (SWM-1,BTE-1,GGC-1,HAN-1, SMVJ-1, BXN-3, BAZ-4, CAG-3, Total=15) पर 12 मीटर चौड़े केंद्रीय FOB पर शेष 15 लिफ्टों की व्यवस्था। (SMVJ-01, CAG-02 लिफ्टों के लिए, ई-ऑफिस फाइल संख्या 354346)।, **अनुमानित लागत (रु.में)** : 1,68,79,829.63, **बयाना राशि (रु. में)** : 2,34,400/-, **कार्य समाप्ति अवधि** : 06 माह, **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समय** : 30.03.2026 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे ऑफर केवल ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेव साईट http://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदा दाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुएली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कण्डीशन्स एवं शर्ते अवश्य पढ़ लें।

(हस्ता.)

कृते वरि. मंडल विधुत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेल, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


## लूटपाट की

**गंगापुर सिटी** 10 मार्च। अपराधियो में पुलिस के भय नहीं होने से आमजन का जीना दुश्वार हो रहा है। कुछ ऐसा ही वाक्या मंगलवार को देखने को मिला जिसमें नगर परिषद गंगापुर सिटी के कर्मचारी राहुलराज पुत्र सोमराज से सोमवार शाम एटीएम से 15,000 रुपए छीन लिए गए। यह घटना हीरालाल की मील के पास स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम पर हुई।

राहुलराज ने बताया कि सोमवार को शाम लगभग 6रू23 बजे जब वह एटीएम से पैसे निकाल रहे थे, तभी खुशीराम पुत्र कजोड़मल, किशन और बेदराम नामक 3 आरोपी उनके पास आए। बातों में उलझा कर लूट लिया।

# भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों को मिलेगा पानी

**गंगापुर सिटी** 10 मार्च। महिला जागृति संस्थान ने भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने के लिए "पक्षियों को जल सेवा" नामक एक स्थायी परियोजना शुरू की है। इस पहल के तहत, शहर के विभिन्न स्थानों पर लगे परिंडों में प्रतिदिन पानी भरा जाएगा और नए परिंडे भी लगाए जाएंगे, ताकि पक्षियों को नियमित रूप से जल मिल सके। संस्थान ने नागरिकों से भी इस नेक कार्य में सहयोग करने की अपील की है। संस्थान की जिलाध्यक्ष डॉ. कुसुम गुप्ता ने बताया कि इस परियोजना का शुभारंभ हायर सेकेंडरी पार्क में एक कार्यक्रम के दौरान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि राधा मोहन, अतिविशिष्ट अतिथि संगीता बोहरा (पूर्व सभापति), गीता देवी नरूका (पूर्व चेयरमैन), कल्पना शुक्ला, नीरज दीक्षित (पूर्व पार्षद) और गोपाल बैराडा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर महिलाओं के लिए पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिनका संयोजन सुषमा, वंदना और दिव्या ने किया। इन प्रतियोगिताओं में सुनीता अग्रवाल, पूजा शर्मा, सुषमा जैन, सीमा गुप्ता, प्रसून अग्रवाल, गायत्री जोशी, सीमा सिंघल, रेनू मित्तल और हेमलता विजेता रहीं। कार्यक्रम का संचालन महेश गुप्ता सर्वेयर ने किया। अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि परोपकार सबसे बड़ा धर्म है । और भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था करना एक सराहनीय कदम है। कार्यक्रम में मीना गुप्ता, ममता जैन, ममता सैनी, अर्चना, दिव्या, लक्ष्मी जोशी, वीना पटेल, मुक्ता गुप्ता, नीलम जैन, चंचल कुमारी, मोनिका, आदि।

## गौशाला निर्माण के लिए भूमि आवंटन की मांग

**सूरौठ** । बजरंग एवं गौ सेवा समिति, सूरौठ के पदाधिकारियों ने तहसील क्षेत्र में गौशाला निर्माण के लिए राजकीय भूमि आवंटित करने की मांग को लेकर नगर पालिका सूरौठ के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सूरौठ क्षेत्र में सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर बड़ी संख्या में निराश्रित गौवंश घूमते रहते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है और किसानों की फसलों को भी नुकसान पहुंचता है।

# स्वस्थ जीवन की राह दिखाता योग

**भरतपुर** (निस)। वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र भरतपुर परिसर में आयोजित योग शिविर में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न योगासन का अभ्यास किया। कार्यक्रम में मुख्य योगाचार्य केशव सिंह ने विद्यार्थियों को योग के महत्व, विभिन्न योग आसनों और उनके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में योग का महत्व पूरे विश्व में बढ़ रहा है। भारत के प्राचीन योग परंपरा को अब पश्चिमी देशों सहित दुनिया भर में अपनाया जा रहा है। योगाचार्य गिरधारी लाल ने बताया कि पहला सुख निरोगी काया के संदेश के साथ युवाओं को नियमित योग का अभ्यास करने और संतुलित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय केंद्र भरतपुर के निदेशक डॉ. जितेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम ही नहीं, बल्कि मन विचार और जीवन शैली में सकारात्मक परिवर्तन लाता है। विश्वविद्यालय का प्रयास एक अधिक से अधिक विद्यार्थियों को योग के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि वे इस महत्व को समझे अपने जीवन में अपनाऐ। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय केंद्र भरतपुर में लगभग 300 विद्यार्थी योग प्रशिक्षण के लिए पंजीकृत हैं जिन्हें प्रशिक्षित काउंसलरों के द्वारा नियमित योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है कार्यक्रम के दौरान निधि वर्मा, राहुल, सुरेंद्र सैनी, सहित अन्य विद्यार्थियों ने शिर्षासन सहित अन्य योग किए।

# श्री अग्रसेन कर्मचारी विकास समिति की साधारण सभा व स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न

**गंगापुर सिटी** । अग्रवाल समाज सेवा समिति, उदेई मोड़ के सानिध्य में श्री अग्रसेन कर्मचारी विकास समिति, उदेई मोड़ द्वारा रविवार को अग्रसेन सेवा सदन में साधारण सभा एवं कर्मचारी स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को आरंभ करने से पहले श्री अग्रसेन जी महाराज एवम् कुलदेवी मां लक्ष्मी जी के चित्रपट पर माल्यार्पण एवम् दीप जलाकर की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामावतार गुप्ता सीए तथा डॉ. मंजू गुप्ता रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. विजेंद्र गुप्ता (प्रमुख चिकित्सा अधिकारी) एवं पुष्पा गुप्ता एवं पंकज मंगलम, ओम प्रकाश धर्म काँटा, गिर्राज प्रसाद बीईईओ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रिद्धि चन्द गुप्ता ने की। समारोह में समिति अध्यक्ष ने समिति की गतिविधियों एवं आगामी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया तथा कर्मचारियों के बीच आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना को मजबूत करने पर जोर दिया गया।


कार्यालय भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर

फोन न0 05644-230688 वेवसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitbharatpur.com

क्रमांकः-भू0वि0शा/नीलामी/2026/2920 दिनांक 06.03.2026

ई-ऑक्शन के माध्यम से भूखण्ड खरीदने का सुनहरा अवसर

भरतपुर विकास प्राधिकरण भरतपुर द्वारा विभिन्न योजनाओं में आवासीय एवं व्यावसायिक भूखण्ड ई-ऑक्शन द्वारा नीलाम किये जा रहे है,

नीलामी दिनांक : -24 एवं 25 मार्च 2026

| क्र. सं. | योजना का नाम | भूखण्ड संख्या | साईज फुट में | क्षेत्रफल व.ग | आरक्षित दर प्रति व.ग./ व.मी. (लीज हेतु) | अमानत राशि (ई.एम.डी.) | ई-ऑक्शन प्रारम्भ करने की दर (प्रति व.ग.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | स्वर्ण जयंती नगर | Proposed Nursing Home | (115+120.3)/ 2x90 | 1176.5 व.ग | 10000 व.ग. | 940000 | 80,000.00प्रति व.ग. |

Standard BAR/FAR, Maximum Height (Sq.mt.Area) as per Building by laws.

1 क.स. 1 मे भूखण्ड हेतु रजिस्ट्रेशन, अमानत राशि, पहचान पत्र अपलोड करने की कार्यवाही दिनांक 12.03.2026 को प्रातः 10 बजे से 23.03.2026 सांय 6.00 बजे तक कर सकेगें। बोली प्रारम्भ किये जाने की दिनांक 24.03.2026 से प्रातः 10.00 बजे से 25.03.2026 तक प्रातः 11.00 बजे तक बोली लगा सकेगें।

2 आमजन को सूचित किया जाता है कि अगर नीलामी में रखे गये भूखण्डों पर किसी न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश जारी किया गया हो तो नीलामी से पूर्व मय साक्ष्य के प्राधिकरण कार्यालय में प्रस्तुत करें।

3 ई-ऑक्शन की पूर्ण जानकारी व शर्ते प्राधिकरण कार्यालय में एवं **sso.rajasthan→Urban services→Citizen service→E-Auction** के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

अन्य शर्ते एवं नियम

1. अमानत राशि ऑनलाईन नीलामी में भाग लेने वाला व्यक्ति को कॉलम संख्या 7 में अंकित राशि (नियमानुसार) राशि अमानत के रूप में जमा कराकर नीलामी में भाग ले सकेगा। सफल बोली दाता की अमानत राशि विकय मूल्य में समायोजन की जायेगी एवं असफल बोलीदाता की अमानत राशि पुर्नभुगतान कर दी जायेगी।
2. उच्चतम बोली दाता को बोली की 15 प्रतिशत राशि नीलामी दिनांक से 3 कार्य दिवस दिवस में जमा करानी होगी। उक्त राशि जमा नहीं कराने की स्थिति में बोलीदाता की जमा अमानत राशि प्राधिकरण पक्ष में जब्त की जाकर बोली स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी।
3. ऑनलाईन नीलामी की दर स्वीकृति पश्चात सफल बोलीदाता को बोली की 35 प्रतिशत राशि को नीलामी दिनांक से 120 दिवस में जमा करानी होगी एंव शेष 50 प्रतिशत राशि ऑनलाईन नीलामी दिनांक से 180 दिवस में जमा करानी होगी।
4. सफल बोलीदाता को बोली की समस्त राशि निश्चित समयावधि 180 दिवस एंव अतिरिक्त समयावधि 90 दिवस में मयब्याज एंव (180+90) कुल 270 दिवस निकल जाने के बाद नीलामी स्वतः ही निरस्त हो जायेगी व पूर्व में जमा 15 प्रतिशत राशि जब्त कर ली जावेगी।
5. प्रत्येक भूखण्ड की नीलामीपर 1 प्रतिशत नीलामी कमीशन पृथक से देय होगा।
6. यदि सफल बोलीदाता मांगपत्र जारी दिनांक से 15 दिवस में समस्त राशि का जमा करता है तो बोली राशि में 1 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी।
7. यदि बोलीदाता बढाई गई अवधि में राशि जमा कराने में असफल रहता है तो जमा 15 प्रतिशत राशि स्वतः ही प्राधिकरण पक्ष में जब्त हो जायेगी स्वतः ही निरस्त मानी जायेगी।
8. बोलीदाता को पेनकार्ड की प्रति जमा करानी होगी।
9. ऑनलाईन बोली ई-ऑक्शन प्रारंम्भ करने की दर 1,00,000 रूपये (प्रति वर्गगज/वर्गमीटर) तक 500/- रूपये प्रति वर्ग गज/वर्गमीटर के गुणांक एंव ई-ऑक्शन प्रारंम्भ करने की दर 1,00,000 रूपये से अधिक (प्रति वर्गगज/वर्गमीटर) तक 1000/- रूपये प्रति वर्ग गज/वर्गमीटर के गुणांक में ही स्वीकार की जायेगी।
10. नगरीय कर/लीज राशि योजना की आरक्षित दर की 2.5 प्रतिशत आवासीय एवं 5 प्रतिशत व्यावसायिक प्रतिवर्ष देय होगी।
11. 300 वर्गमीटर से अधिक के आवासीय भूखण्ड पर 10/-प्रति वर्ग मीटर एवं सभी व्यावसायिक भूखण्डों पर 25 प्रतिवर्गमीटर की दर से पृथक से बी.एस.यू.पी फण्ड देय होगा।
12. भूखण्ड मौके पर जैसी स्थिति में है उसी स्थिति में नीलाम किया जायेगा व क्षेत्रफल में परिवर्तन हो सकता है, बोली दाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे बोली प्रक्रिया में भाग लेने से पहले प्रस्तावित भूखंड की साइट का दौरा अवश्य करें।
13. नीलामी में विक्रय किये जाने वाले भूखण्डों पर उचित प्रतिस्पर्धा होने की स्थिति में एवं उचित दर प्राप्त होने पर ही नीलामी समिति द्वारा भूखण्ड आवंटन की अनुशंसा योग्य माना जायेगा।
14. उच्चतम बोली को स्वीकार/अस्वीकार (बिना किसी कारण) करने का अंतिम अधिकार प्राधिकरण अध्यक्ष में निहित है।
15. शर्ते भरतपुर विकास प्राधिकरण के अनुसार मान्य होंगी।
16. अमानत राशि व मांगपत्र ऑनलाईन पॉर्टल के माध्यम से ही देय है।
17. 50 लाख अथवा इससे अधिक मूल्य के आवासों/भूखण्ड पर आयकर का प्रावधान 194-IA के अनुसार केता को कुल भूखण्ड की राशि का एक प्रतिशत टीडीएस राशि जमा करानी होगी।
18. नीलामी में भाग लेने वाले बोलीदाता को SSO ID के माध्यम से लॉग इन कर अरबन सर्विसेज में अपनी प्रोफाईल बनाकर ही भाग लेना होगा एवं धरोहर राशि भी ऑनलाईन जमा करानी होगी। धरोहर राशि जमा कराने के पश्चात ही ऑनलाईन बोली लगाई जा सकेगी।
19. मौकानुसार भूखण्ड की साईज में परिवर्तन होने पर प्राप्त दर अनुसार राशि घटाई व बढाई जा सकेगी तथा गोलाई/त्रिज्या में आने वाले क्षेत्र की राशि कम नही की जायेगी।
20. ऑनलाईन नीलामी प्रकिया में अंतिम 5 मिनट में किसी भी आवास/भूखण्ड पर बोली लगने पर बोली का समय स्वत 5 मिनट बढ जायेगा।
21. आमजन को सूचित किया जाता है कि अगर नीलामी में रखे गये भूखण्डों पर किसी न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश जारी किया गया हो तो नीलामी से पूर्व मय साक्ष्य के प्राधिकरण कार्यालय में प्रस्तुत करें।
22. भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर किसी भी प्रकार की इन्टरनेट नेटवर्क संबंधी समस्या के लिए जबाव देय नहीं होगा।

राज.संवाद/सी/25/22168 निदेशक वित्त एवं प्रभारी अधिकारी (नीलामी) सचिव


# आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्राप्त छात्राएं सम्मानित

■ बी ए सेमेस्टर पंचम की छात्रा काजल ने ऑटो रिक्शा भी चलाने लगी बेटियां गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी।

**भरतपुर** (निस)। राजकीय कन्या महाविद्यालय उच्चौन भरतपुर में नोडल प्राचार्य व संरक्षक डॉ मधु शर्मा की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि रिखव चंद मित्तल (भामाशाह) मुख्य वक्ता डॉक्टर चंद्र लोचन त्रिपाठी प्रथम संस्थापक व प्राचार्य (राज कन्या महाविद्यालय उच्चौन), विशिष्ट अतिथि डॉ निशा गोयल, अकादमिक प्रभारी आर. डी. गर्ल्स कॉलेज भरतपुर प्राचार्य डॉक्टर लक्ष्मी गुप्ता (राजकीय कन्या महाविद्यालय उच्चौन) के करकमलों से मां वाग्देवी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। उक्त कार्यक्रम में राजस्थान के राजकीय कॉलेजों में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के निर्देशानुसार कुछ समय पूर्व एक मासीय 'रानी लक्ष्मीबाई आत्म रक्षा प्रशिक्षण 'कार्यक्रम आयोजित कराया गया जिसमें छात्राओं ने जूडो- कराटे, मार्शल आर्ट जैसी आत्म रक्षा तकनीकें सीखीं। प्रशिक्षित छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित किये गए। इन प्रशिक्षित 60 छात्राओं को आदरणीय रिखव चंद मित्तल द्वारा डॉक्यूमेंट फ़ाइल वितरित की गई। इस अवसर पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा समारोह में चार चाँद लगा दिए। बी ए सेमेस्टर पंचम की छात्रा काजल ने ऑटो रिक्शा भी चलाने लगी बेटियां गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस मौक़े पर आर्थिक रूप से अशक्त बालिका गुड़िया को भामाशाह रिखव चंद्र मित्तल ने 5100/- रुपये की नक़द राशि व काजल को 1100/- रुपये की नक़द राशि का प्रोत्साहन दिया । पेयजल व्यवस्था हेतु 21000/- रूपये एवं महाविद्यालय कार्यालय में आवश्यक कार्य हेतु इनवर्टर सेट देने का वायदा किया । साथ ही भविष्य में फ़ीस भरने में असमर्थ छात्राओं व महाविद्यालय हेतु हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में स्व सुरक्षा के प्रशिक्षण की किशोरी बालिकाओं को क्या आवश्यकता है ? सरकार किस रूप में योजनाएं विद्यालय महाविद्यालयों तक पहुँचा रही है तथा बालिकाओं को प्रत्येक अवसर का लाभ किस प्रकार उठाना चाहिए, प्राचार्य ने समस्त स्टाफ़ डॉ धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, डॉ नरेश सागर,डॉ पूनम दीक्षित, डॉ रिचा गुप्ता, डॉ उपमा सिंह परिहार ,डॉ अशोक की भूरि भूरि प्रशंसा की उन्होंने बताया कि इनकी कर्मठता ,ईमानदारी, मेहनत ने ही क्षेत्र के महाविद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की है।

डॉ चंद्र लोचन त्रिपाठी द्वारा छात्राओं को स्वल्पाहार व कॉलेज द्वारा पेन तथा चॉकलेट का वितरण किया गया ।इस मौक़े पर पत्रकार बंधु शिव कुमार, विशेष गर्ग ,राजकीय विद्यालय के उप प्रधानाचार्य गुलाब चंद सिंघल भी उपस्थित रहे।


राजस्थान सरकार

कार्यालय सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग, करौली

प्रेम विज्ञप्ति

| क्र.स. | नाम शिशु | उम्र | लिंग | शिशु प्राप्ति स्थल | प्रवेश का माध्यम | शिशु का फोटो |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अयान (रखा गया नाम) | लगभग 5-6 दिन | F | राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह, वीणा मैमोरियल डिग्री कॉलेज के पास, करौली स्थित पालना गृह | बाल कल्याण समिति, करौली |  |

नोटः- उक्त शिशु का पुनर्वास/दत्तक ग्रहण किय जाना है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो 30 दिवस के अंदर कार्यालय अधीक्षक राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण एजेन्सी, वीणा मैमोरियल डिग्री कॉलेज के पास करौली में आकर आपत्ति प्रस्तुत करावें।

दूरभाष नम्बर :- 07464-294625 (9982402482, 9636038008) ई-मेल आईडी adicps-karauli@gov.in

सहायक निदेशक

जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग करौली